जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

(जन–सम्पर्क अनुभाग)

(प्रेस विज्ञप्ति)

बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए जयपुर डिस्कॉम का बड़ा निर्णय

ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रिपिंग फ्री 24 घण्टे घरेलू बिजली सप्लाई होगी

जयपुर, 05 मार्च। जयपुर डिस्कॉम के ग्रामीण क्षेत्रों में सातों दिन चौबीस घण्टे ट्रिपिंग फ्री बिजली सप्लाई करने का डिस्कॉम प्रबन्धन ने आज एक बड़ा निर्णय लिया है। इस बाबत सभी सर्किल अधीक्षण अभियन्ताओं को निर्देश जारी कर दिए गए है।

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक श्री आर.जी.गुप्ता ने बताया कि छात्रों की बोर्ड परीक्षाओं एवं आने वाले गर्मी के सीजन को देखते हुए डिस्कॉम में ग्रामीण क्षेत्र के सभी प्रकार के फीडरों पर ट्रिपिंग फ्री 24X7 घरेलू बिजली सप्लाई की जाएगी और हाई लॉस फीडर्स पर लोड शेडिंग को भी बन्द कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रिपिंग फ्री 24X7 घरेलू बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सभी सर्किल अधीक्षण अभियन्ताओं की होगी। पूर्व में हाई लॉस फीडर्स पर रात्री 12 से 4 बजे तक लोड शेडिंग लागू थी।

इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है कि मुख्यमंत्री विद्युत सुधार अभियान के शेष बचे कार्य को 31 मार्च, 2018 तक पूरा कर लिया जाए, ताकि न केवल ग्रामीण क्षेत्र के फीडर्स पर 24X7 नियमित घरेलू बिजली सप्लाई हो सके बल्कि लॉस भी कम होकर 15 प्रतिशत से नीचे आ सके।

————

प्रेस विज्ञप्ति संख्या– 713/2018